

देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 253 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...विपक्ष का अजेंडा



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 13 जनवरी 2022



मौसम अधिकतम 14.0° न्यूनतम 6.0° | 40243.39 | 2 तोड़ा लोन लेने का सभी रेकॉर्ड | 7 कोहली को नहीं मिला लड़ने वाला पार्टनर

# फिर आया कोविड संक्रमण में उछाल

## पिछले 24 घंटे में मिले 2916 नए संक्रमित, राज्य में तीन मरीजों की हुई मौत

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में 24 घंटे में 2951 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं तीन मरीजों की मौत हुई है। कुल मृतकों की संख्या 7433 हो गई है। संक्रमण दर 11.29 प्रतिशत हो गई है। जबकि 1335 संक्रमित ठीक हुए हैं। 8018 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। कुल संक्रमितों की संख्या 357219 हो गई है। बुधवार को प्रदेश में एक दिन में 2951 लोग कोरोना की चपेट में आए हैं। राज्य में कुल 334700 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। रिकवरी दर 93.70 प्रतिशत दर्ज की गई। जबकि देहरादून जिले में सबसे अधिक 1361 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं।

**खिर्सू में 18 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टिः** उत्तराखंड के पौड़ी जिले के विकास खंड खिर्सू में बुधवार की सुबह 18 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई।

**तीन माह बाद अस्पतालों में भर्ती होने लगे मरीज**

तीन महीने बाद अस्पतालों में भी कोरोना का उपचार कराने वाले मरीज भर्ती होने लगे हैं। मेला अस्पताल और कोविड केयर सेंटरों में कुल 74 मरीजों का उपचार चल रहा है। जनवरी का नया साल शुरू होते ही कोरोना संक्रमण के मामलों में उछाल आना शुरू हो गया था।

कोविड अस्पताल के पीआरओ अरुण बडोनी ने इन मामलों की पुष्टि की है। वहीं कोटद्वार में एक कोरोना संक्रमित बुजुर्ग की मौत हो गई है। कोटद्वार के लोकमणिपुर निवासी कोरोना संक्रमित 71 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई है। पांच दिन पहले कोटद्वार बेस अस्पताल में सांस लेने की दिक्कत को लेकर उन्हें भर्ती किय गया था। कोरोना नियमों के अनुसार मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बेस अस्पताल के कोविड नोडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा ने बुजुर्ग की कोरोना संक्रमण से मौत की पुष्टि की है।

**22 संक्रमित मिले, नगर निगम कार्यालय कराया सैनिटाइजः** कोटद्वार नगर निगम के आयुक्त सहित 22 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी संक्रमितों को होम आइसोलेट कर उनका कोरोना उपचार शुरु कर दिया है। वहीं नगर निगम कार्यालय को सैनिटाइज करवाया गया है। सीएमओ पौड़ी डॉ. प्रवीन कुमार ने बताया कि हरिसिंहपुर क्षेत्र से एक 15 साल के किशोर समेत कई लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। सभी संक्रमितों को होम आइसोलेट कर घर पर दवाइयां उपलब्ध करा दी हैं। साथ ही परिजनों और सीधे संपर्क में आए लोगों की सूची तैयार की जा रही है। वहीं आयुक्त के संक्रमित होने की सूचना मिलते ही कार्यालय बंद कर दिया गया। इसके बाद पहले पूरे कार्यालय को सैनिटाइज किया गया। उसके बाद सभी कर्मचारियों को आपस में दूरी बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।



### डिस्चार्ज करने की नीति में भी बदलाव

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना की स्थिति की समीक्षा के बाद मरीजों को डिस्चार्ज करने की नीति में भी बदलाव किया है। अब हल्के लक्षण वाले संक्रमितों को पॉजिटिव पाए जाने के सात दिन बाद डिस्चार्ज किया जा सकता है। इस दौरान अगर लगातार तीन दिन तक मरीज की स्थिति ठीक रहती है और उसे बुखार नहीं आता तो डिस्चार्ज के लिए टेस्टिंग की भी जरूरत नहीं होगी। उधर मध्यम लक्षण वाले मरीजों में अगर सुधार दिखता है और उनका ऑक्सीजन सैचुरेशन स्तर 93 फीसदी से ज्यादा रहता है, तो ऐसे मरीजों को डिस्चार्ज किया जा सकता है।

### आए दिन दो सौ से तीन मरीज रोजाना आ रहे सामने

अब आए दिन दो सौ से तीन मरीज रोजाना सामने आ रहे हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने के बाद कोरोना से गंभीर मरीज भी सामने आने लगे हैं। जबकि इससे पहले सितंबर में सभी अस्पताल, कोविड स्वास्थ्य केंद और कोविड केयर सेंटर खाली हो गए थे। बीच–बीच में कभी–कभार एक आध मरीज भर्ती होता था। उसे भी उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया जाता था। अधिकृत अस्पतालों में 10, अधिकृत कोविड स्वास्थ्य केंद्रों में 15 और कोविड केयर सेंटरों में भी 49 मरीज भर्ती हो चुके हैं। सीएमओ डॉ. कुमार खगेंद्र सिंह का कहना है कि मरीजों को भर्ती कराने के लिए बेड पर्याप्त मात्रा में तैयार कर लिए गए हैं। हालांकि, अभी अधिकांश मरीज होम आईसोलेशन में ही रहकर उपचार करा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी हो गया है। दरअसल यह एक पुराना मामला है, जिसमें सुल्तानपुर के एमपी–एमलए कोर्ट ने 24 जनवरी को उन्हें पेश होने का आदेश देते हुए वारंट जारी किया है। मौर्य ने देवी–देवताओं को लेकर विवादित बयान दिया था।

### भूटान की जमीन हड़पने में जुटा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चीन तेजी से पड़ोसी देशों की जमीन और संसाधनों पर अतिक्रमण करने की नीति पर आगे बढ़ रहा है। चीन का नया शिकार भूटान बना है। एजेंसी की ओर से किए गए सैटेलाइट इमेज विश्लेषण के अनुसार चीन ने भूटान के साथ अपनी विवादित सीमा पर दो मंजिला इमारतों समेत 200 से अधिक संरचनाओं के निर्माण में तेजी लाई है।

# चिकित्सा सुविधा सबके लिए सहज बनाने की पहल

## तमिलनाडु को 11 नए सरकारी मेडिकल कालेजों की सौगात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए तमिलनाडु में 11 नए सरकारी मेडिकल कालेजों का उद्घाटन किया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पिछले सात सालों के दौरान देश में चिकित्सा के क्षेत्र में हुए विकास पर रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि 2014 में देश में लगभग 82 हजार मेडिकल अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट सीटें थीं। पिछले सात सालों में यह संख्या बढ़कर करीब 1 लाख 48 हजार सीटों पर पहुंच गई है। यह लगभग 80फीसदी की वृद्धि है।

वर्चुअल उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी ने बताया कि 2014 में हमारे देश में कुल 387 मेडिकल कालेज थे। पिछले सात वर्षों में यह संख्या बढ़कर 596 मेडिकल कालेज हो गई है। यह करीब 54फीसदी की वृद्धि है। वहीं, 2014 में देश में सिर्फ सात एम्स थे, लेकिन 2014 के बाद स्वीकृत एम्स की संख्या 22 हो गई है। साथ ही, चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए विभिन्न सुधार किए गए हैं।

पीएम मोदी ने कोविड–19 महामारी के बारे में बात करते हुए, चिकित्सा क्षेत्र के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भविष्य उन लोगों का होगा जो स्वास्थ्य सेवा में निवेश करते हैं। भारत सरकार इस क्षेत्र में कई सुधार लाई है। केंद्र सराकर की आयुष्मान भारत योजना की मदद से गरीबों के पास उच्च गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवा है। वहीं घुटनों के प्रत्यारोपण और स्टेंट की लागत पहले की तुलना में एक तिहाई हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वो आने वाले वर्षों में भारत को गुणवत्ता और सस्ती देखभाल के लिए जाने–माने गंतव्य के रूप में देखते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के डाक्टरों के कौशल के आधार पर कहा कि भारत में मेडिकल टूरिज्म का हब बनने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है।

### सीआईसीटी के नए परिसर का उद्घाटन

पीएम मोदी ने वर्चुअल समारोह के दौरान सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ क्लासिकल तमिल के नए परिसर का भी उद्घाटन किया। उनके जीवन के सबसे सुखद क्षणों में से एक था जब उन्हें संयुक्त राष्ट्र में दुनिया की सबसे पुरानी भाषा तमिल में कुछ शब्द बोलने का मौका मिला। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में तमिल अध्ययन पर सुब्रमण्य भारती पीठ स्थापित करने का भी सम्मान मिला है।

# सेना प्रमुख ने चीन के साथ ही पाकिस्तान को दिया संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सैन्य प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने कहा कि चीन के साथ एलएसी पर आंशिक रूप से सैनिकों की पीछे हटने की कार्रवाई हुई है लेकिन अभी खतरा बना हुआ है। सेना प्रमुख ने कहा कि कोर कमांडर स्तर की 14वीं वार्ता चल रही है और मुझे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में हम इसमें प्रगति देखेंगे। उन्होंने कहा कि वेस्टर्न फ्रंट पर विभिन्न लॉन्च पैड में आतंकवादियों की सक्रियता बढ़ी है। सेना प्रमुख ने कहा कि हमने पूर्वी लद्दाख समेत पूरे नॉर्दर्न फ्रंट में फोर्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, हथियारों की क्षमता बढ़ाई है। नॉर्दर्न फ्रंट में पिछले डेढ़ साल में हमारी क्षमता कई तरह से बढ़ी है।

**जब तक मुद्दा सुलझेगा नहीं, ऐसे चीजें आती रहेंगीः** अरुणाचल प्रदेश में चीन द्वारा बुनियादी ढांचे के निर्माण की खबरों पर सेना प्रमुख ने कहा कि ऐसा इसलिए होता है क्योंकि एलएसी तय नहीं है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर अलग–अलग धारणाएं हैं कि सीमा वास्तव में कहां है। जब तक सीमा के मुद्दे अनसुलझे रहेंगे, इस तरह के मुद्दे सामने आते रहेंगे। जनरल नरवणे ने कहा कि दीर्घकालीन समाधान सीमा प्रश्न को हल करना है, न यह कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों में मतभेद है। उन्होंने कहा कि हम अपनी सीमाओं के सुरक्षा को लेकर अच्छी तरह से तैयार हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है जो यथास्थिति आज है उसे कभी भी बदला जा सकता है।

**नियंत्रण रेखा पर बार–बार घुसपैठ के प्रयासः** जनरल नरवणे ने कहा कि नियंत्रण रेखा के पार से घुसपैठ के बार–बार प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह एक बार हमारे पश्चिमी पड़ोसी के नापाक मंसूबों को उजागर करता है। सेना प्रमुख ने पाकिस्तान की तरफ इशारा करते हुए साफ कहा कि हमारी तरफ से आतंक के प्रति जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है।

**वार्ता**

■चीन के साथ सैन्य वार्ता के बीच सेना प्रमुख की प्रेस कॉन्फ्रेस

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# दुनिया को नई वैक्सीन की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जिनेवा। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि दुनिया में मौजूद कोरोना टीकों को ओमीक्रोन वेरिएंट के खिलाफ लगातार सुरक्षा देने के लिए और प्रभावी बनाने की जरूरत है। डब्ल्यूएचओ के तकनीकी सलाहकार समूह और 18 विशेषज्ञों के एक समूह ने कोरोना वैक्सीन के कंपोजिशन पर कहा कि हालांकि वर्तमान टीके गंभीर बीमारी और वेरिएंट ऑफ कंसर्न (वीओसी) के कारण होने वाली मौतों के खिलाफ उच्च स्तर की सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। हमें भविष्य में लेकिन ऐसे टीके विकसित करने की जरूरत है, जो संक्रमण को रोक सकें। संस्था ने कहा कि इस बीच, कोरोना वायरस के खिलाफ वैक्सीन के टीकों को और प्रभावी बनाने की जरूरत है, जिससे वायरस को फैलने से रोका जा सके।

### डब्ल्यूएचओ के एक समूह ने दी है सलाह

डब्ल्यूएचओ ने कहा, इस तरह के कंपोजिशन की जरूरत है, जो आनुवंशिक और प्रतिजन रूप से तेजी से फैलते वेरिएंट के करीब हो, जो कि लगातार बूस्टर खुराक की आवश्यकता को कम करें और व्यापक, मजबूत और लंबे समय तक चलने वाली प्रतिक्रियाएं दें।